# जीसीसी कान्क्लेव आज जुटेंगे दिग्गज निवेशक

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को राजधानी के होटल ताज में एक दिवसीय 'वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) कान्क्लेव' का आयोजन होगा। इन्वेस्ट यूपी की तरफ से आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति पर निवेशक, नीति निर्माता और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधि मंथन करेंगे।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार व आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव इस कान्क्लेव के मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में नैसकाम (नेशनल एसोसिएशन आफ साफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज) के उत्तर भारत के प्रमुख अमित वर्मा उत्तर प्रदेश में वैश्विक प्रतिस्पर्धी जीसीसी, ईकोसिस्टम के निर्माण पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। अन्य प्रमुख वक्ताओं में माइक्रोसाफ्ट इंडिया से वरुण रमणन, एमएक्यू साफ्टवेयर के संस्थापक राजीव अग्रवाल, टीसीएस लखनऊ के प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं सेंटर हेड अमिताभ तिवारी शामिल होंगे। रियल एस्टेट डेवलपर्स की शीर्ष संस्था क्रेडाई के सदस्य भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।